<u>समाचार</u>

23 अप्रैल को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 22 अप्रैल 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट शनिवार 23 अप्रैल को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 अप्रैल शनिवार को वार्ड क्र. 03 राताखार पार्षद घर के पास, वार्ड क्र. 13 पन्द्रह ब्लाक अटल आवास, वार्ड क्र. 24 एम.पी.नगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 34 बेलगरी बस्ती, वार्ड क्र. 47 डबरीपारा मोहन टाकिज, वार्ड क्र. 51 श्यामनगर सामुदायिक मंच, वार्ड क्र. 54 शांतिनगर दशहरा मैदान, वार्ड क्र. 66 शक्ति चौक स्टेज के पास कैम्प लगाए जाएंगे।